# बायो गैस प्लान्ट ग्राम पंचायत किरा, विकास खण्ड शाहबाद, रामपुर

जनपद रामपुर के विकास खण्ड शाहबाद की ग्राम पंचायत किरा में मैसर्स शिवा बायो गैस द्वारा 85 घन मीटर क्षमता वाले बायोगैस प्लांट का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर संचालित करा दिया गया है जिसके संचालन हेतु प्रतिदिन 2125 किलोग्राम गोबर की आवश्यकता है तथा प्रतिदिन 51 किलोग्राम बायोगैस का उत्पादन हो रहा है। उत्पन्न गैस का उपयोग 15 के0वी0ए0 क्षमता वाले जनरेटर के माध्यम से 30200 यूनिट विद्युत बनने से अंकन 320000.00 रू0 की विद्युत उत्पादन किया जा चुका है। वर्तमान में बायोगैस से उत्पदित विद्युत का उपयोग चारा मशीन चलाने, प्रकाश व्यवस्था, सबमर्सिबिल पंप चलाने एवं गौशाला के केयरटेकरो का खाना बनाने में किया जा रहा है, अब तक इस बायोगैस प्लांट सें तथा उत्पन्न स्लरी को बेच कर 53800.00 की आय की करते हुए ग्राम पंचायत के ओ0एस0आर0 खाते में जमा करायी जा चुकी है। इस प्लांट पर एक कोल्ड प्रेस आयल स्पेलर मशीन की स्थापना का कार्य प्रगति पर है। जिससे सरसो के तेल का निकालने एवं स्लरी बेचकर अब तक अंकन 117500 रुपये की आय की जा चुकी है।